# महारत्न कंपनी–आरईसी लिमिटेड में रोजगार के अवसर

संदर्भ संख्या आरईसी/एफटी भर्ती/2023/02

## निश्चित अवधि के आधार पर अनुभवी कार्मिकों की भर्ती

1. आरईसी लिमिटेड, एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और 'अवसंरचना वित्त' कंपनी का दर्जा प्राप्त एक बहुप्रतिष्ठित गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। घरेलू स्तर पर, आरईसी को क्रिसिल, आईसीआरए, आईआरआरपीएल और केयर से उच्चतम क्रेडिट रेटिंग प्राप्त है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के समकक्ष दर्जा दिया गया है। हमारी कंपनी की उपस्थिति पूरे भारत में है और यह उत्पादन, पारेषण और वितरण सहित विद्युत क्षेत्र के सभी कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। कंपनी अब अपने पारंपरिक व्यवसाय के अतिरिक्त अवसंरचना वित्त के क्षेत्र में भी अग्रसर है। भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए भारत सरकार की योजनाओं में भी हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है।

2. अपनी मानव संसाधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, आरईसी निश्चित अवधि के आधार पर कार्य करने हेतु ओजस्वी, प्रतिबद्ध, स्व–प्रेरित और अनुभवी कार्मिकों से **3 वर्ष** की अवधि के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। रिक्तियों का पद–वार विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या (आरक्षित) | न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता | अर्हता के बाद अपेक्षित न्यूनतम कार्यकारी अनुभव (वर्ष में) | अपेक्षित कार्य अनुभव का क्षेत्र | दायित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कंसल्टेंट (जन संपर्क) | 1 (अनारक्षित) | पत्रकारिता/संचार/सोशल मीडिया प्रबंधन या इसके समतुल्य क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक –स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा | 15 | जन संपर्क के कार्यों के निष्पादन में न्यूनतम 15 वर्ष का संगत अनुभव।<br>जन संपर्क एवं सोशल मीडिया कैम्पेन जैसे रिसर्च रिपोर्ट, इंडस्ट्री एनालिसिस, क्राइसिस मैनेजमेंट, सोशल मीडिया श्रवण आदि क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।<br>ऊर्जा क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र और निश्चित उद्देश्यों के लिए चलाए जाने वाले कैम्पेन में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।<br>ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक अनुभव तथा हिंदी और अंग्रेजी में निपुण होना चाहिए।<br>सरकारी/पीएसयू में संगठन/कार्यालय के साथ कार्य करने का अनुभव अपेक्षित है। | • आरईसी/विद्युत मंत्रालय के लिए जन संपर्क कार्यनीति की डिजाइनिंग और ड्राफ्टिंग तैयार करना।<br>• आरईसी/विद्युत मंत्रालय के कार्यक्रमों, उपलब्धियों, बड़ी सफलताओं का व्यापक प्रचार और कवरेज सुनिश्चित करना।<br>• मीडिया कर्मियों के साथ समन्वय एवं संपर्क बनाए रखना।<br>• मीडिया से संबंधित जिज्ञासाओं के लिए संपर्क केंद्र के रूप में कार्य करना।<br>• प्रेस कॉन्फ्रेंस, सेमिनार आदि कार्यक्रमों का आयोजन और पर्यवेक्षण करना।<br>• प्रभावी स्थिति प्रदान करना एवं किसी विपरीत परिस्थिति को नियंत्रित करना<br>• मीडिया में कार्य करने वाले व्यक्तियों की अद्यतन सूची तैयार करना। |
| 2. | टीम लीड (सोशल मीडिया) | 1 (अनारक्षित) | मीडिया अथवा जनसंचार अथवा इससे संबंधित क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक –स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा | 10 | टीम/संचार/जनसंचार/जन संपर्क/सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग/संबंधित क्षेत्रों में कार्य का न्यूनतम 10 वर्षों का संगत अनुभव।<br>सोशल मीडिया कैंपेन, क्राइसिस मैनजमेंट आदि का ज्ञान होना चाहिए।<br>सोशल मीडिया मार्केटिंग और मैनेजमेंट टूल्स का ज्ञान होना चाहिए।<br>हिंदी और अंग्रेजी में निपुण होना चाहिए।<br>सरकारी/पीएसयू में संगठन/कार्यालय के साथ कार्य करने का अनुभव अपेक्षित है। | • आरईसी/विद्युत मंत्रालय के लिए सोशल मीडिया रणनीतियों और कैंपेन की रूप–रेखा बनाना और इसे क्रियान्वित करना<br>• टीम से परिणाम सुनिश्चित करना<br>• सोशल मीडिया पर कार्य–निष्पादन की निगरानी रखना<br>• ग्राफिक्स, कंटेंट एवं प्रतिलिपि का पर्यवेक्षण करना<br>• क्रय किए गए सोशल मीडिया कैंपेन का दायित्व संभालना<br>• सोशल मीडिया ट्रेंड्स और नई गतिविधियां को ट्रैक करना |
| 3. | क्रिएटिव हेड/सीनियर डिजाइनर | 1 (अनारक्षित) | फाइन आर्ट्स/एप्लाइड आर्ट्स/ग्राफिक डिजाइन/संबंधित क्षेत्रों में समतुल्य क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक –स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा | 10 | किसी प्रतिष्ठित ब्रॉन्ड या विज्ञापन एजेंसी में न्यूनतम 10 वर्षों का संगत अनुभव।<br>एडोब इनडिजाइन, इलस्ट्रेटर, फोटोशॉप एवं कोरल ड्रा जैसे सॉफ्टवेयर डिजाइन करने में निपुण होना चाहिए।<br>सरकारी/पीएसयू संगठन या कार्यालय के साथ कार्य अनुभव अपेक्षित है। | • कार्य को समझना और उसे आगे बढ़ाना तथा क्रिएटिव टीम के कार्य की समीक्षा करना<br>• कंटेंट नीति का प्रबंधन और नेतृत्व करना<br>• उपयुक्त कंटेंट तैयार करने के लिए सोशल मीडिया और कंटेंट राइटिंग टीम के साथ समन्वय करना<br>• कार्यालय की जरूरतों के आधार पर दिए गए विवरण के अनुसार नवीन और रचनात्मक कार्य प्रस्तुत करना |
| 4. | सोशल मीडिया एग्जीक्यूटिव | 1 (अनारक्षित) | मीडिया अथवा जनसंचार अथवा इससे संबंधित क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक –स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा | 3 | सोशल मीडिया के कार्य में न्यूनतम 3 वर्षों का संगत अनुभव।<br>फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ट्विटर आदि – विभिन्न प्लेटफार्म के लिए कैंपेन और एल्गोरिदम का ज्ञान होना चाहिए।<br>सोशल मीडिया मैनेजमेंट टूल्स का ज्ञान होना चाहिए।<br>हिंदी एवं अंग्रेजी में निपुण होना चाहिए।<br>सरकारी/पीएसयू संगठन या कार्यालय के साथ कार्य अनुभव अपेक्षित है। | • सोशल नीति का कार्यान्वयन<br>• क्रय किए गए/क्रय न किए गए सोशल मीडिया कैम्पेन का निष्पादन और ऑप्टिमाइजेशन<br>• कंटेंट डेवलपमेंट और कैम्पैन ऑप्टिमाइजेशन<br>• ट्वीट चैट, फोरम जैसे विविध इंगेजमेंट संचालित इंटरैक्शन पर कार्य करना।<br>• कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देश को समझना और इसके अनुसार व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता से युक्त प्रेरक और इनोवेटिव कंटेंट एवं डिजाइन तैयार करना<br>• कंटेंट तैयार करने और नीति बनाने के लिए सभी हितधारकों के साथ सहयोग करना<br>• सभी प्लेटफॉर्म पर ड्राइविंग एंगेजमेंट |
| 5. | जन संपर्क एग्जीक्यूटिव | 1 (अनारक्षित) | मीडिया अथवा जनसंचार अथवा इससे संबंधित क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक–स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा | 3 | जन संपर्क/पत्रकारिता/कंटेंट/संचार के कार्य में न्यूनतम 3 वर्षों का संगत अनुभव।<br>हिंदी एवं अंग्रेजी में निपुण होना चाहिए।<br>सरकारी/पीएसयू संगठन या कार्यालय के साथ कार्य अनुभव अपेक्षित है। | • प्रतिक्रिया प्रबंधन<br>• प्रेस नोट तैयार करना और वितरित करना<br>• मीडिया कर्मियों की सूची तैयार करना<br>• कंटेंट बनाना<br>• मीडिया ट्रैकिंग और डोजियर बनाना |
| 6. | ग्राफिक डिजाइनर | 3 (अनारक्षित) | नियमित पूर्णकालिक–स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री | 3 | न्यूनतम 3 वर्षों का ग्राफिक डिजाइन का अनुभव।<br>एडोब इनडिजाइन, इलस्ट्रेटर, फोटोशॉप एवं कोरल ड्रा जैसे सॉफ्टवेयर डिजाइन करने में निपुण होना चाहिए।<br>नई–नई क्रिएटिव डिजाइन बनाने के कौशल में अत्यंत निपुण होना चाहिए। | • व्यावसायिक लक्ष्यों के अनुसार नई–नई ग्राफिक डिजाइन तैयार करना।<br>• वेब पेज, प्रेजेंटेशन, ब्रोशर, साइनेज, आंतरिक संचार, न्यूजलेटर और मार्केटिंग कंटेन्ट सहित विभिन्न विषयों से संबंधित कंटेन्ट तैयार करना। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | वीडियो एडिटर | 3 (अनारक्षित) | नियमित पूर्णकालिक–स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री | 3 | न्यूनतम 3 वर्षों का वीडियो एडिटिंग का अनुभव।<br>एडोब प्रीमियर जैसे वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर में निपुण होना चाहिए।<br>उत्कृष्ट रचनात्मकता एवं नई–नई डिजाइन तैयार करने का कौशल होना चाहिए। | • फिल्म और एनिमेटेड कंटेंट सहित छोटे और बड़े वीडियो एडिट करना<br>• वीडियो के लिए रूप–रेखा तैयार करना और इसे क्रियान्वित करना |
| 8. | कंटेंट राइटर/कॉपी राइटर (अंग्रेजी) | 1 (अनारक्षित) | अंग्रेजी साहित्य, संचार, मार्केटिंग, पत्रकारिता या संबंधित क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक–स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा। | 3 | न्यूनतम 3 वर्ष का संगत अनुभव<br>अंग्रेजी और हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल होना चाहिए। | ब्रांड के प्रचार–प्रसार और इंगेजमेंट में वृद्धि में सहायक गुणवत्तायुक्त लेखन करना एवं लक्षित दर्शकों/श्रोताओं को जोड़ने में सहायक हो।<br>संबंधित विषयों पर छोटे और बड़े कंटेन्ट तैयार करने के लिए रिसर्च करना और लिखना।<br>विज्ञापन एवं सोशल मीडिया क्रिएटिव्स की प्रतिलिपि लिखना |
| 9. | कंटेंट राइटर/कॉपी राइटर (हिन्दी) | 1 (अनारक्षित) | हिंदी साहित्य, संचार, मार्केटिंग, पत्रकारिता या संबंधित क्षेत्र में नियमित पूर्णकालिक–स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा। | 3 | न्यूनतम 3 वर्ष का संगत अनुभव<br>अंग्रेजी और हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल होना चाहिए। | ब्रांड के प्रचार–प्रसार और इंगेजमेंट में वृद्धि में सहायक गुणवत्तायुक्त लेखन करना एवं लक्षित दर्शकों/श्रोताओं को जोड़ने में सहायक हो।<br>संबंधित विषयों पर छोटे और बड़े कंटेन्ट तैयार करने के लिए रिसर्च करना और लिखना<br>विज्ञापन एवं सोशल मीडिया क्रिएटिव्स की प्रतिलिपि लिखना |

3. **बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित पद** – पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वीकार्य होगा। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार, न्यूनतम 40% बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही पीडबल्यूबीडी के हितलाभ के लिए पात्र होंगे।

4. **पारिश्रमिकः–**

| क्र. सं. | पदनाम | अनुभव | मासिक समेकित वेतन (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कंसल्टेंट (जन संपर्क ) | 15 वर्ष | रु.1,80,000/– |
| 2 | टीम लीड (सोशल मीडिया) | 10 वर्ष | रु.1,40,000/– |
| 3 | क्रिएटिव हेड/सीनियर डिजाइनर | 10 वर्ष | रु.1,25,000/– |
| 4 | एग्जीक्यूटिव (सोशल मीडिया) | 03 वर्ष | रु.80,000/– |
| 5 | एग्जीक्यूटिव (जन संपर्क ) | 03 वर्ष | रु.80,000/– |
| 6 | ग्राफिक डिजाइनर | 03 वर्ष | रु.80,000/– |
| 7 | वीडियो एडिटर | 03 वर्ष | रु.80,000/– |
| 8 | कंटेंट राइटर/कॉपी राइटर (अंग्रेजी) | 03 वर्ष | रु.80,000/– |
| 9 | कंटेंट राइटर/कॉपी राइटर (हिन्दी) | 03 वर्ष | रु.80,000/– |

**पात्रता मानदंड**

1. **राष्ट्रीयताः** केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं।
2. **शैक्षणिक अर्हताएंः** भिन्न–भिन्न पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता के संबंध में अपेक्षाएं उपरोक्त तालिका में दी गई हैं। सभी अर्हताएं, यूजीसी/एआईसीटीई/उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण (प्राधिकरणों) द्वारा भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। अर्हता की समकक्षता, आरईसी प्रबंधन के विवेकाधीन होगी।

   क. शैक्षिक अर्हता में प्रतिशत के अंश को नजरअंदाज किया जाएगा और इसे अगले उच्च पूर्णांक तक पूर्णांकित नहीं किया जाएगा अर्थात् 59.9% को 60% से कम माना जाएगा।

   ख. जहां भी किसी डिग्री/डिप्लोमा में सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, उसके समकक्ष अंकों का प्रतिशत विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन पत्र में दर्शाया जाना चाहिए। आवेदक को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रतिशत समकक्षता के लिए सीजीपीए प्राप्त करने के लिए कंवर्जन फॉर्मूला भी प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।
3. **कार्य अनुभवः** शिक्षण अनुभव और इंटर्नशिप को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।
4. **अंतिम तिथिः** अनुभव आदि के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अर्थात् **15 सितंबर 2023** होगी।
5. सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र/सरकार के स्वायत्त निकायों में कार्य करने वाले लोग 'उचित माध्यम से' आवेदन कर सकते हैं या साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत कर सकते हैं या कार्यभार ग्रहण करने के समय वर्तमान नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति आदेश प्रस्तुत कर सकते हैं।
6. ऐसी कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, जिसे किसी न्यायालय द्वारा नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो।
7. ऐसा कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जो पहले किसी राज्य या केंद्र सरकार के निगम या विभाग या स्थानीय प्राधिकरण या स्वायत्त वैधानिक निकाय की सेवा से बर्खास्त किया गया हो, पदच्युत किया गया हो या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया हो।
8. कोई भी व्यक्ति जिसके एक से अधिक पति या पत्नी हैं या जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है जिसके पति/पत्नी जीवित हैं, किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, जब तक कि ऐसा विवाह अभ्यर्थी और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू पर्सनल लॉ के तहत स्वीकार्य न हो।
9. आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किए गए अनुयाचन के परिणामस्वरूप, उसकी अभ्यर्थी को अयोग्य कर दिया जाएगा।

**चयन प्रक्रिया**

10. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को प्रबंधन के निर्णय के अनुसार आरईसी लिमिटेड के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित किए जाने वाले व्यक्तिगत साक्षात्कार या ऑनलाइन माध्यम से होने वाले साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। नियुक्ति का प्रस्ताव उपयुक्त उम्मीदवारों को योग्यता के क्रम में और रिक्तियों की संख्या के आधार पर जारी किया जाएगा।
11. अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। आवेदन में किसी भी विसंगति के मामले में, उम्मीदवारी सरसरी तौर पर खारिज कर दी जाएगी।
12. पात्रता मानदंडों को पूरा करने मात्र से आवेदक को साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाएगा।
13. पात्रता सुनिश्चित करने के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच की जाएगी और साक्षात्कार के उद्देश्य से केवल उन्हीं अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा जिन्हें प्रत्येक विशिष्ट पद के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान और पेशेवर विशेषज्ञता की प्रकृति और गुणवत्ता के संदर्भ में उपयुक्त माना जाता है। चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए कॉल लेटर जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि अभ्यर्थी साक्षात्कार/पद के लिए पात्र है।
14. उपयुक्त पाए गए आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसके लिए स्थान और समय की सूचना पोर्टल और आवेदन में उम्मीदवार द्वारा इंगित ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।
15. यदि किसी पद के लिए आवेदनों की संख्या अधिक है, तो आरईसी ऊपर उल्लिखित न्यूनतम पात्रता अपेक्षाओं से अधिक मानदंड वाले अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को आवेदन में दर्शाए गए पते से सबसे छोटे मार्ग के माध्यम से या यात्रा प्रमाण के अनुसार, मौजूदा नियमों के अनुसार (साक्षात्कार पत्र में दर्शाया जाएगा) जो भी कम हो, के आने–जाने के लिए एकल किराये की प्रतिपूर्ति, यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने और आयु, योग्यता, अनुभव, आरक्षणछूट, आदि के सत्यापन, सभी प्रशंसापत्र/मूल दस्तावेजों को सही तरीके से क्रम में होने पर और साक्षात्कार पूरा होने पर की जाएगी। आवास शुल्क प्रदान नहीं किया जाएगा।
17. चयन प्रक्रिया की तिथि या स्थान में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. साक्षात्कार से पहले दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अपने मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे।

19. सभी नियुक्तियाँ निगम के नियमों के अनुसार मेडिकल फिटनेस के अधीन हैं।

20. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव और साक्षात्कार सहित चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की सूची, मेरिट के क्रम में, चिकित्सा स्वास्थ्य और चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के अध्यधीन, पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी और चयनित अभ्यर्थियों को आवेदन में दिए गए पत्राचार और/या ई-मेल पते पर व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा।

21. अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करते समय वर्तमान नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति आदेश प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**सामान्य निर्देश**

22. **पद विशुद्ध रूप से अस्थायी प्रकृति के हैं और किसी स्थायी रिक्ति के सापेक्ष नहीं हैं।** यह नियुक्ति, अभ्यर्थी को भविष्य में आरईसी में किसी भी नियमित/स्थायी रोजगार का हकदार नहीं बनाएगा।

23. **आरईसी के पास आवश्यक होने पर बिना कोई सूचना जारी किए या कोई कारण बताए,** रिक्तियों को बढ़ाने/घटाने या भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

24. आरईसी का प्रचालन पूरे देश में है और चयनित अभ्यर्थी को देश में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

25. इस भर्ती से संबंधित सभी जानकारी आरईसी वेबसाइट **http://www.recindia.nic.in** पर **'करियर'** टैब में उपलब्ध होगी, जिसे यहां वेबसाइट/पोर्टल कहा गया है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन सूचना के लिए समय-समय पर पोर्टल/वेबसाइट देखते रहें। आवश्यकता पड़ने पर, विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण केवल आरईसी वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। कोई भी व्यक्तिगत मेल नहीं भेजा जाएगा।

26. अंग्रेजी के अतिरिक्त, अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण किसी भी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

27. साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयनितध्न बुलाए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

28. इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी विवाद/मामले केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।

**आवेदन के लिए चरणः**

29. योग्य और इच्छुक उम्मीदवार आरईसी वेबसाइट पर 'करियर' टैब देखें और संबंधित भर्ती पर क्लिक करें। एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है।

30. अभ्यर्थियों को ₹500/- (पांच सौ रुपए मात्र) का गैर-वापसी योग्य शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी और भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित अभ्यर्थियों को इस आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

31. ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उपयोग करके पोर्टल पर पंजीकरण करें।

32. पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर का उपयोग करके पोर्टल पर लॉग इन करें और वांछित पद के लिए आवेदन शुरू करने के लिए "आवेदन करें" पर क्लिक करें।

33. नवीनतम से अभी तक के प्रासंगिक विवरण के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें।

34. किसी पद के लिए आवेदन करते समय, अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह नियत तिथि पर निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है और दिए गए विवरण सभी मामलों में उपयुक्त हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या उसके बाद यह पता चलता है कि किसी अभ्यर्थी ने पात्र माने जाने के लिए कोई असत्य/अपूर्ण जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द कर दी जाएगी। यदि उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद कोई कमी पाई जाती है तो उनकी सेवा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

35. यदि कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिंदी/अंग्रेजी के अलावा, किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ और साक्षात्कार के समय उसका हिंदी/अंग्रेजी में प्रमाणित अनुवाद प्रस्तुत करना होगा।

36. आवेदन भरते समय ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दिए गए विशिष्ट स्थान पर निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए (फाइल का प्रकार .jpg/.png/.pdf होना चाहिए और इसका आकार 1 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए):

क) जन्म तिथि का प्रमाण (दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र/जन्म प्रमाण पत्र)

ख) आरक्षण/छूट/रियायत का दावा करने के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/प्रासंगिक दस्तावेज (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर)/भूतपूर्व सैनिक/ईडब्ल्यूएस आदि के मामले में)

ग) दिव्यांगता प्रमाण पत्र – भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र, जिसमें स्पष्ट रूप से दिव्यांगता का प्रकार, दिव्यांगता का % आदि दर्शाया गया हो।

घ) आवश्यक अर्हता से संबंधित दस्तावेज (उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और श्रेणी/डिवीजन/सीजीपीए/प्रतिशत, मोड, विशेषज्ञता के साथ अवधि दर्शाते हुए अंकपत्र)'। यदि प्रमाणपत्र या अंकपत्र में श्रेणी/डिवीजन और प्रतिशत का उल्लेख नहीं किया गया है, तो आवेदक को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से सीजीपीए को प्रतिशत समकक्ष प्राप्त करने के लिए कंवर्जन फॉर्मूला प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ङ) अन्य अर्हताओं से संबंधित दस्तावेज (उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और अंकपत्र)*

च) अनुभव से संबंधित दस्तावेज जैसेरू (वर्तमान के साथ-साथ सभी पूर्ववर्ती रोजगार) वर्तमान रोजगार से शुरू करते हुए अवरोही क्रम में*

1. नियुक्ति आदेश/कार्यभार ग्रहण आदेश
2. नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्रः अनुभव का प्रमाण जिसमें धारित पद, सेवा की अवधि, परिलब्धियाँ और अनुभव का क्षेत्र दर्शाया गया हो
3. नवीनतम वेतन पर्ची
4. कार्यमुक्ति आदेश (एक से अधिक संगठनों में अनुभव के मामले में)
5. वर्तमान/पिछले नियोक्ताओं द्वारा जारी वेतन प्रमाण पत्र/आईटीआर या फॉर्म-16ए के साथ सीटीसी का प्रमाण

छ) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जम्मू-कश्मीर अधिवास की श्रेणी या किसी अन्य श्रेणी, जिसके लिए विज्ञापन के अनुसार छूट स्वीकार्य है, के तहत उम्मीदवारी सिद्ध करने वाला प्रमाण पत्र।

ज) नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटोग्राफ

झ) अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

*प्रत्येक शैक्षणिक अर्हता और प्रत्येक रोजगार/अनुभव से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों को एक ही फाइल में मिलकर मिलाकर भेजना होगा। फाइल का प्रकार .jpg/.png/.pdf होना चाहिए और इसका आकार 1 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए।

37. सभी विवरण भरने और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग-गैर क्रीमी लेयर श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए शुल्क अनिवार्य) करने के बाद ऑनलाइन आवेदन जमा करें। किसी अन्य माध्यम से शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन, केवल आवेदन शुल्क (जहां भी लागू हो) प्राप्त होने पर ही जमा किया हुआ माना जाएगा। आवेदक को भावी संदर्भ के लिए आवेदन संख्या सुरक्षित रखनी चाहिए।

38. उम्मीदवार को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए खाली स्थान पर उपर्युक्त दस्तावेजों की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी चाहिए।

39. सभी विवरण भरने के बाद ऑनलाइन आवेदन जमा करें।

40. ऑनलाइन आवेदन में दिए गए सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और बाद में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

41. अपूर्ण आवेदन/समर्थन दस्तावेजों के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

42. इस चरण में अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, यदि आरईसी आगे पात्रता के सत्यापन के लिए कोई दस्तावेज मांगता है और उसे डाक/मेल द्वारा भेजना आवश्यक होगा तो आरईसी किसी भी डाक विलंब या पारगमन में उसके नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

| | | |
|---|---|---|
| क. | ऑनलाइन आवेदन की शुरूआत | 31 अगस्त 2023 |
| ख. | शुल्क का भुगतान जमा करने की अंतिम तिथि | 15 सितंबर 2023, रात्रि 11:00 बजे तक |
| ग. | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 15 सितंबर 2023, रात्रि 11:55 बजे तक |